HAMIRPUR POLICE

जनपद हमीरपुर

दिनाँक 18.11.2023

यातायात जागरूकता कार्यशाला का आयोजन एवं जागरूकता रैली निकाल जनमानस को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक किया गयाः-

आज दिनांक 18.11.2023 को यातायात जागरूकता माह नवंबर- 2023 के क्रम में क्षेत्राधिकारी यातायात द्वारा भिन्न-भिन्न विद्यालयों के छात्रों/ स्काउट गाइड /एनसीसी कैडिटों के साथ राजकीय स्पोर्ट स्टेडियम हमीरपुर में जाकर सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों के बारे में बताया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी यातायात द्वारा उपस्थित छात्रों एवं अन्य सभी लोगो को ट्रैफिक नियमों के बारे में जानकारी दी गई व सभी को शपथ दिलायी गयी कि कभी यातायात नियम नही तोड़ेंगे एवं उनसे अपेक्षा की आप अपने परिवार/आस-पड़ोस में भी मतदान संबंधी और यातायात के नियमों से उनको अवगत कराएंगे। सार्वजनिक स्थानों में इसी तरह के जागरूकता शिविर आगे भी आयोजित करेंगे जिससे जनमानस में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता आ सके एवं दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्राधिकार यातायात द्वारा उपस्थित छात्रों से यातायात जागरूकता संबंधी प्रश्न पूछे गए तत्पश्चात यातायात जागरूकता रैली निकाली गई एवं जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

इस मौके पर प्रभारी यातायात व अन्य संबंधित अधिकारी/ कर्मचारी मौजूद रहे।

SVEEP